**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 23.09.2021 को प्रातः 11.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक के अन्तर्गत 100 डेज चैलेन्ज, वास्तविक प्रगति के सापेक्ष रूफ लेवल जिओ टैग, पी0एम0 स्वनिधि एवं एन0यू0एल0एम0 की प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थितिः–

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. सहायक निदेशक, सूडा, लखनऊ।
3. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
4. ओ0के0 सिंह, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
5. मौ0 तैय्यब, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
6. डा0 कमल कुमार, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
7. सिमी औमेर, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
8. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
9. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
10. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
11. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी0, सूडा।
12. कुनाल कटारिया, अरबन प्लानर, एस0एल0टी0सी0, सूडा।
13. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
14. रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
15. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)ः–

सर्वप्रथम योजना के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत 100 Days Challenge हेतु चयनित 200 निकायों में शत–प्रतिशत फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग, चयनित 174 निकायों में एचएफए एचीव के लिए कम्प्लीट लेवल जिओ टैग तथा भौतिक प्रगति के सापेक्ष रूफ लेवल जिओ टैग के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. चयनित 174 निकायों में एचएफए एचीव के लिए कम्प्लीट लेवल जिओ टैग पूर्ण करने हेतु अवशेष 45420 का कम्प्लीट लेवल जिओ टैग प्रत्येक दशा में 07 दिवस में पूर्ण करायें।
2. 63 जनपदों द्वारा उपलब्ध करायी गयी रूफ कास्ट की भौतिक प्रगति एवं भुवन पोर्टल पर उपलब्ध रूफ लेवल जिओ टैग में 49988 का अन्तर है, जिसे 07 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
3. जनपद महराजगंज में 13 जिओ टैग एक से डेढ़ वर्ष पूर्व किये गये हैं, जिनको अभी तक किश्त अवमुक्त नहीं की गयी है, जिस पर परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये गये।
4. 100 Days Challenge के पश्चात् सभी स्वीकृत परियोजनाओं में शत–प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का प्रथम लेवल जिओ टैग कराते हुए प्रथम किश्त 07 दिवस के अन्दर अवमुक्त कर दी जाये तथा अपात्रों की अभ्यर्पण डी0पी0आर0 (51वी सीएसएमसी तक) सूडा को प्रेषित कर दी जाये।

क्रमशः.......2 पर

b

5. चयनित 200 निकायों में शत–प्रतिशत फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग पूर्ण करने हेतु सर्वप्रथम अवशेष प्रथम किश्त 3222 का पी0पी0ए0 तत्काल सूडा मुख्यालय को प्रेषित किया जाये एवं अवशेष 13682 फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग प्रत्येक दशा में 07 दिवस में पूर्ण करायें।

6. सभी जनपदों को यह भी निर्देश दिये गये कि शत–प्रतिशत प्रथम लेवल जिओ टैग एवं प्रथम किश्त अवमुक्त करने के पश्चात् परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 द्वारा स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाये कि अब 51वी सी0एस0एम0सी0 तक स्वीकृत परियोजनाओं में कोई भी पात्र लाभार्थी का प्रथम लेवल जिओ टैग एवं प्रथम किश्त का भुगतान लम्बित नहीं है।

7. 100 Days Challenge के पश्चात् अभ्यर्पण की डी0पी0आर0 प्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि उस निकाय में अभ्यर्पण हेतु कोई परियोजना शेष न रहे।

8. इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये कि जो डी0पी0आर0 पहले स्वीकृत हुई है, उनको पहले संतृप्त किया जाये अन्यथा फिर लाभार्थियों द्वारा शिकायतें की जाती है। First Come, First Serve की प्रक्रिया अपनाये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार समीक्षा बैठकों में निर्देश दिये जा चुके हैं। इससे यह भी पता चल सकेगा कि डी0पी0आर0 में कितने पात्र है व अपात्रों की अभ्यर्पण डी0पी0आर0 प्रेषित करते हुए परियोजना को पूर्ण किया जा सकेगा।

**<u>दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन</u>**

मिशन रोजगार के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2021 के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय रोजगार मेला के संबंध में मुख्यालय के पत्र संख्या–2028 दिनांक 22.09.2021 द्वारा जारी निर्गत निर्देशों के क्रम में रोजगार मेले की तैयारियाँ प्रारम्भ की जाए।

1. लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, सहारनपुर, प्रयागराज, शाहजहाँपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद एवं लोनी में मॉडल वेण्डिंग जोन विकसित किये जाने हेतु स्वीकृत परियोजनाओं पर कार्य की प्रगति के संबंध में निरीक्षण करते हुए तय करें कि माह दिसम्बर, 2021 तक परियोजना पूर्ण हो पायेगी या नहीं, लिखित में आख्या दिनांक 23.09.2021 तक उपलब्ध करायें।

2. स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत एकल ऋण एवं समूह ऋण तथा एस0एच0जी0 बैंक लिंकेज के निर्धारित किये गये वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब होने के कारण निदेशक महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। निर्देश दिये गये कि निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष तीन गुना आवेदन पत्र भरवाकर टास्क फोर्स से अनुमोदित कराकर बैंक की शाखाओं में भिजवाया जाए, जिससे लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

3. सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत समूहों के गठन के लक्ष्य एवं उनके सापेक्ष रिवाल्विंग फण्ड दिये जाने की प्रगति खराब होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं निर्देश दिये गये कि स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं रिवाल्विंग फण्ड के भुगतान की कार्यवाही अभियान चलाकर पूर्ण करायी जाए। वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 में गठित किये गये स्वयं सहायता समूहों को जिनको अभी तक रिवाल्विंग फण्ड नहीं दिया गया है, उनकी सम्पूर्ण प्रविष्टि यथा–प्रत्येक सदस्य की प्रविष्टि, 03 पदाधिकारियों की आधार सीडिंग के साथ प्रविष्टि, पूर्ण करके एम0आई0एस0 पर एक सप्ताह के अन्दर अपलोड की जाए। तत्पश्चात् सभी अर्ह स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त करने की कार्यवाही की जाये। इसके अतिरिक्त जिन स्वंय सहायता समूहों के प्रशिक्षण की प्रविष्टि एवं सदस्यों

क्रमशः.......3 पर

की प्रविष्टि नहीं की गयी है, उनकी भी प्रविष्टि निर्धारित समय में पूर्ण करा ली जाए। उक्त कार्यवाही न किये जाने पर संबंधित जनपद के शहर मिशन प्रबन्धक एवं सामुदायिक आयोजक का माह सितम्बर, 2021 का वेतन नहीं दिया जायेगा।

4. माह अक्टूबर, 2021 के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक लाभार्थियों को व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण एवं एस0एच0जी0 बैंक लिंकेज के ऋण वितरण की कार्यवाही मेले के आयोजन के दौरान करायी जाए। इसके अतिरिक्त कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए रोजगार मेले के आयोजन के समय प्लेसमेन्ट हेतु कम्पनियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर प्लेसमेन्ट कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

5. निर्माण कार्य पूर्ण एवं निर्माणाधीन आश्रय गृहों के प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि अद्यतन 19 आश्रय गृह हस्तगत की प्रक्रिया में है, जिन्हें शीघ्र ही हस्तगत कराकर संचालित कराया जाए। 19 निर्माणाधीन आश्रय गृहों को पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करायी जाए।

<u>पीएम स्वनिधिः—</u>

1. मार्च, 2022 तक आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष ऋण वितरण में 5 न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले नगर निगम शहर यथा—गाजियाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, फिरोजाबाद एवं मुरादाबाद को निर्देशित किया गया कि ऋण वितरण में यथाशीघ्र तेजी लाये, जाकि ससमय लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके।

2. मार्च, 2022 तक आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष ऋण वितरण में 10 न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले जनपद यथा—गाजियाबाद, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बरेली, कुशीनगर, मेरठ, चन्दौली, बाराबंकी, मथुरा एवं बलिया को निर्देशित किया गया कि ऋण वितरण में यथाशीघ्र तेजी लाये, जाकि ससमय लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके।

3. रिटर्न बाय बैंक लम्बित कुल 98475 आवेदन पत्रों में सबसे ज्यादा लम्बित आवेदन पत्रों वाले जनपद यथा—मेरठ, प्रयागराज, कानपुर नगर, शाहजहांपुर, अयोध्या, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, मथुरा, मुरादाबाद एवं गोरखपुर को निर्देशित किया गया कि आगामी सप्ताह तक रिटर्न बाय बैंक लम्बित आवेदनों को निस्तारित किया जाये।

4. द्वितीय ऋण वितरण हेतु निर्गत लक्ष्यों के सापेक्ष जनपदों की प्रगति असंतोषजनक है, जिस पर सभी जनपदों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप द्वितीय ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें।

5. Socio Economic Profiling के अन्तर्गत समस्त 14 शहरों में वेन्डर्स के परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग कम पायी गयी, जिस पर निर्देश दिये गये कि प्रोफाइल किये गये वेन्डर के सापेक्ष 3 गुना परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग आगामी एक सप्ताह में पूर्ण करें।

6. Socio Economic Profiling के अन्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि हेतु 08 केन्द्रीय योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु शहर गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा, झांसी, बरेली, मथुरा एवं अलीगढ़ को जनपद गाजियाबाद एवं प्रयागराज के परियोजनाओं अधिकारियों द्वारा बतायी गयी कार्य प्रणाली का अनुसरण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे अगले सप्ताह तक अपेक्षित प्रगति परिलक्षित हो सके।

क्रमशः.......4 पर

7. 36 जनपदों के 43 नगर निकायों में डिजिटल ऑनबोर्डिंग एवं ट्रेनिंग के विशेष अभियान के तहत निर्गत निर्देश एवं लक्ष्यों के सापेक्ष शहरों द्वारा उपलब्ध करायी गयी साप्ताहिक कार्य योजना के अनुसार वेण्डर्स के डिजीटल ऑनबोर्डिंग एवं प्रशिक्षण के सम्बन्ध में समयबद्ध रूप से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सूडा को प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध करायें व किसी समस्या के सम्बन्ध में तत्काल अवगत करायें।

30/9/21

(आलोक सिंह)
अपर निदेशक

संख्याः— 2220 / 03 / 29 / HFA-DPR / PMC-Vol-VIII / 2021—22 दिनांकः—30 सितम्बर, 2021

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. सहायक निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. परियोजना अधिकारी, एन0यू0एल0एम0, सूडा, लखनऊ।
4. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
5. समस्त एस0एल0टी0सी0, पी0एम0ए0वाई0(यू), सूडा।
6. समस्त एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
7. समस्त सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर, डूडा, उ0प्र0।
8. गार्ड फाईल।

30/9/21

(आलोक सिंह)
अपर निदेशक

30-9-2021